| | |
|---|---|
| News Date | 24-08-2018 |
| Publication | Punjab Kesari |
| Media Type | Newspapers |
| Publication Type | Regional Daily Newspaper |
| Page No. | 6 |
| Language | Hindi |
| Edition | Chandigarh |

### बैडमिंटन चैम्पियनशिप

# दिल्ली में चमका शहर का वेदांत, बैडमिंटन में जीता खिताब



*वेदांत अपने खिताब के साथ।*

चंडीगढ़, 23 अगस्त (लल्लन) : शहर के अंडर-9 आयु वर्ग के बैडमिंटन खिलाड़ी वेदांत पहवा ने कोच्चि के रहने वाले के.एस. गिरीवासन को 2-1 के अंतर से हराकर पी.एन.बी. मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप-4 के खिताब पर कब्जा किया। दिल्ली में खेले गए फिनाले के फाइनल में गिरीवासन ने वेदांत को पहले सेट में 21-16 के अंतर से मात देकर मैच में 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद वेदांत ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 21-14 और तीसरा सेट 21-16 से जीतकर मैच पर कब्जा किया। फिनाले में जीतने पर उन्हें बैडमिंटन दिग्गज और पूर्व विश्व नंबर-1 बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण और पी.एन.बी. मेटलाइफ के एम.डी. और सी.ई.ओ. आशीष श्रीवास्तव ने सम्मानित किया।